    2- **The Weight bridge device should transmit data over the internet to IOT infrastructure in cloud.**

....12...

K. D. Resources Pvt. Ltd.
Director

ज्येष्ठ खान अधिकारी
सोनभद्र

अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)/
प्रभारी अधिकारी (खनिज)
सोनभद्र

जिलाधिकारी
सोनभद्र

28. नियमों एवं शर्तों के उल्लंघन के परिणाम स्वरूप यदि कोई वाद अथवा आपराधिक कार्यवाही योजित होती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पट्टेदार की होगी एवं यदि इस सम्बन्ध में कोई व्यय होता है तो उसका वहन पट्टेदार द्वारा स्वयं किया जायेगा।
29. पट्टेदार जिलाधिकारी, सोनभद्र द्वारा चिन्हित सुरक्षा क्षेत्रों में खनन नहीं करेगा।
30. पट्टेदार द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण अथवा मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का पालन सदैव किया जायेगा।

**(5) स्टाम्प शुल्क :–** स्टाम्प शुल्क के प्रयोजन के लिए पट्टान्तरित भूमि से प्रत्याशित स्वामित्व कुल 10 वर्ष की कुल धनराशि रू0 33,29,85,600/– (रूपये तैंतीस करोड़ उन्तीस लाख पच्चासी हजार छः सौ मात्र) पर सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, सोनभद्र के पत्र संख्या–249/स0म0नि0–सोन0/2022 दिनांक 04.07.2022 के क्रम में रु0 1,33,19,540/– (रूपये एक करोड़ तैंतीस लाख उन्नीस हजार पांच सौ चालीस मात्र) का स्टाम्प है। प्रतिभूति की धनराशि खनन पट्टा के अन्तिम वर्ष की किश्तों में समायोजित की जायेगी। उक्त के अतिरिक्त जमा प्रतिभूति पर रू0 100/– का स्टाम्प अलग से दिया गया है।

....13...

K. D. Resources Pvt. Ltd.
Director

ज्येष्ठ खान अधिकारी
सोनभद्र

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/
प्रभारी अधिकारी (खनिज)
सोनभद्र

जिलाधिकारी
सोनभद्र

(13)

इसके साक्ष्य के रूप में उपस्थापन पत्र एतदधीन आयी हुई रीति से उपर उल्लिखित दिन और वर्ष को निष्पादित किया गया है।
उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के लिए और उनकी ओर से–

की उपस्थिति में जिलाधिकारी, सोनभद्र द्वारा हस्ताक्षरितः–

1. जिलाधिकारी
सोनभद्र

2. अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)/
प्रभारी अधिकारी (खनिज)
सोनभद्र

3. सुनील कुमार (खनिज०) 01/08/22

ज्येष्ठ खान अधिकारी
सोनभद्र

की उपस्थिति में पट्टेदार द्वारा हस्ताक्षरित :–

1. Sachin Aggarwal S/o Shyam Sunder Aggarwal R/o Korba (C.G.)

2. Ravi Jalan S/o Late Niranjan Jalam R/o Robertsganj Sonebhadra

K. D. Resources Pvt. Ltd.
Director





**आवेदन सं०: 202201005010267**

बही संख्या 1 जिल्द संख्या 7201 के पृष्ठ 119 से 148 तक क्रमांक 8569 पर दिनाँक 08/08/2022 को रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

अजय धर्मराज सिंह
उप निबंधक : सदर
सोनभद्र
08/08/2022

प्रिंट करें

ANNEXURE R-2

## कार्यालय जिलाधिकारी, सोनभद्र।
(खनिज अनुभाग)

पत्रांक ११५९ / खनिज / 2023 दिनांक 20/07/2023

के0डी0 रिर्सोसेज प्राईवेट लिमिटेड,
निदेशक–श्री मनीष खुशलानी पुत्र श्री राजकुमार खुशलानी
निवासी जबरपत्र गली नं0–2, न्यू सरकण्डा,
बिलासपुर–495001 (छत्तीसगढ़)।

## कारण बताओ नोटिस

आपके पक्ष में जनपद सोनभद्र के तहसील–ओबरा स्थित ग्राम–बिल्ली मारकुण्डी के आराजी संख्या–5593क (खण्ड–8) रकबा–4.230 हे0 क्षेत्र पर गिट्टी / बोल्डर (डोलो स्टोन) का 10 वर्षीय खनन पट्टा दिनांक 02.08.2022 से दिनांक 01.08.2032 तक की अवधि के लिए स्वीकृत है।

प्रश्नगत क्षेत्र की जॉच निदेशालय की जाँच टीम द्वारा दिनांक 19.07.2023 को की गयी। संयुक्त जाँच आख्या दिनांक 19.07.2023 में उल्लिखित है कि– पट्टाधारक द्वारा अपने स्वीकृत क्षेत्र के बाहर दक्षिण दिशा में उपखनिज बोल्डर (डोलो स्टोन) का अनियमित आकार के क्षेत्र से ताजा अवैध खनन कर परिवहन किया गया है, जिसका आकलन सर्वेक्षक द्वारा हैण्ड–हेल्ड जी0पी0एस0 मशीन एवं मापन टेप से किया गया, जो निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | अवैध खनन क्षेत्र का भू–निर्देशांक | अवैध खनन का क्षेत्रफल (वर्ग मी0 में) | औसत गहराई (मीटर में) | अवैध खनन एवं परिवहन की मात्रा (घ0मी0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 24°29'14.01"N, 83°0'13.92"E<br>24°29'13.50"N, 83°0'13.80"E<br>24°29'12.74"N, 83°0'14.72"E<br>24°29'12.72"N, 83°0'15.57"E<br>24°29'13.60"N, 83°0'16.19"E | 1676 | 1.12 | 1,877.12 |

इस प्रकार आप द्वारा उ०प्र० उप खनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम–3 का उल्लंघन किया गया है, जो दण्डनीय अपराध है।

उ0प्र0 उप खनिज (परिहार) नियमावली, 2021 में नियम–3 का उल्लंघन पाये जाने पर नियम–58 में निम्नवत् प्राविधान है:–

"58– जो कोई नियम–3 का उपबन्धों का उल्लंघन करे व दोष सिद्ध हो जाने पर दोनो में से किसी प्रकार के कारावास के दण्ड से दण्डनीय होगा, जो पाँच वर्ष तक हो सकता है अथवा अर्थदण्ड से दण्डनीय होगा, जो प्रति हेक्टेयर क्षेत्र के लिए अन्यून दो लाख रूपये अथवा अधिकतम पाँच लाख रूपये तक हो सकता है अथवा दोनो दण्डों से दण्डनीय होगा।"

आप द्वारा किये गये अवैध खनन मात्रा 1,877.12 घन मी0 बोल्डर पर रू0 125/– प्रति घन मी० की दर से रायल्टी रू0 2,34,640/ –, खनिमुख मूल्य रू0 11,73,200/– एवं नियम–58 के अन्तर्गत अर्थदण्ड रू0 5,00,000/– अर्थात् कुल रू0 19,07,840/– (रूपये उन्नीस लाख सात हजार आठ सौ चालीस) मात्र देय होता है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि 07 दिवस के अन्दर उपरोक्त कृत्य के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें कि क्यों न उक्त धनराशि आरोपित कर दी जाय। यदि निर्धारित समयावधि में आपका संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो, यह मानते हुए

कि इस सम्बन्ध में आपको कुछ नहीं कहना है, तदनुसार एक पक्षीय रूप से निर्णय लेते हुए उ०प्र० उप खनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के संगत प्राविधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

18.7.23

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

GST NO. : 23AADCK2394P2Z4
CIN : U45200CT2007PTC020422

T : +91 7752 27 0544
M : +91 99271-25712

ANNEXURE R-3

# K D RESOURCES PVT. LTD.

Registered Address : "MOOLCHAND COMPLEX", Behind Hotel Surya, Old Bus Stand, Bilaspur 495001 (C.G.)
Address : BIRSINGHPUR, WARD NO. 10, PALI, UMARIA (MADHYA PRADESH) 484551
email - kdrplops@gmail.com

**सेवा में,**

**श्रीमान जिलाधिकारी महोदय,**
**खनिज अनुभाग,**
**जनपद - सोनभद्र ।**

**<u>विषय : श्रीमान जी के कारण बताओ नोटिस पत्र सं० 1148/ खनिज/ 2023 दिनांक 20/07/2023 के संबंध में स्पष्टीकरण ।</u>**

**महोदय,**

निवेदन है कि प्रार्थी की फर्म के पक्ष में ग्राम बिल्ली मारकुण्डी परगना अगोरी तहसील ओबरा जनपद सोनभद्र के आ०सं० 5593 क (खण्ड-8) रकबा 4.230 हे० क्षेत्र पर गिट्टी/ बोल्डर डोलोस्टोन का दस वर्षीय इ-टेण्डरिंग का खनन पट्टा दिनांक 02/08/2022 से 01/08/2032 तक की अवधि के लिये स्वीकृत है । प्रार्थी द्वारा खनन पट्टा प्रारम्भ होने के बाद से ही समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करते हुये अपने स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र में नियमानुसार खनन कार्य किया जाता रहा है ।

दिनांक 21/07/2023 को लगभग सायं 4 बजे प्रार्थी की फर्म के अधिकृत ईमेल आई०डी० पर श्रीमान जी द्वारा प्रेषित उक्त कारण बताओ नोटिस प्रार्थी को प्राप्त हुआ एवं तत्पश्चात बिना प्रार्थी के स्पष्टीकरण का इंतज़ार किये प्रार्थी की फर्म का पोर्टल एवं ओ०टी०पी० तत्काल प्रभाव से बन्द कर दिया गया जो विधि विरुद्ध है । उक्त कारण बताओ नोटिस के संबंध में प्रार्थी द्वारा नोटिस प्राप्ति के 7 दिन के अंदर निम्नलिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जा रहा है ।

(1) कारण बताओ नोटिस के अनुसार प्रार्थी की खदान की जांच दिनांक 19/07/2023 को की गयी, किन्तु प्रार्थी को इस संबंध में कोई भी जानकारी अथवा पूर्व सूचना नहीं दी गयी, और न ही प्रार्थी अथवा प्रार्थी के किसी अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कोई जांच की गयी जो नियम विरुद्ध है एवं निरस्त किये जाने योग्य है ।

(2) उक्त कारण बताओ नोटिस के साथ संलग्नक के रूप में ईमेल आई०डी० पर अथवा डाक के माध्यम से कोई भी जांच रिपोर्ट प्रार्थी को नहीं दी गयी है एवं बिना किसी जांच रिपोर्ट के 1877.12 घनमीटर का अवैध खनन दिखा कर कारण बताओ नोटिस दिया गया है जो नियम विरुद्ध है, नैसर्गिक न्याय के नियमों के विपरीत है एवं निरस्त किये जाने योग्य है। उक्त कारण बताओ नोटिस का समुचित जवाब देने हेतु जांच रिपोर्ट का दिया जाना आवश्यक है ।

कार्यालय खनिज विभाग
सोनभद्र
27/07/23

GST NO. : 23AABCK2394P2Z4
CIN : U45200CT2007PTC020422

T : +91 7752 27 0544
M : +91 95271-25712

# K D RESOURCES PVT. LTD.

Registered Address : "MOOLCHAND COMPLEX" Behind Hotel Surya, Old Bus Stand, Bilaspur 495001 (C.G.)
Address : BIRSINGHPUR, WARD NO. 10 PALI UMARIA (MADHYA PRADESH) 484551
email : kdrplops@gmail.com

(3) उक्त कथित जांच की न तो कोई जांच रिपोर्ट प्रार्थी को दी गयी है, न ही उक्त नोटिस में किसी वस्तु/ उपकरण अथवा उत्पाद की बरामदगी एवं किसी के बयान का कोई उल्लेख है, एवं ऐसा कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है जिससे यह प्रमाणित हो सके कि उक्त कथित अवैध खनन प्रार्थी की फर्म द्वारा ही किया गया है ।

(4) उक्त कारण बताओ नोटिस में जिस क्षेत्र पर अवैध खनन दर्शाया गया है उसी क्षेत्र पर पूर्व में 2002 से 2012 तक मे० अमिला स्टोन का पट्टा संचालित था जो उनका भूमिधरी क्षेत्र है । ऐसे में किसी अन्य के भूमिधरी क्षेत्र में खनन किया जाना संभव ही नहीं है एवं यदि वहां पूर्व में किसी के द्वारा खनन किया भी गया है तो उसकी जिम्मेदारी प्रार्थी की नहीं है । प्रार्थी द्वारा अपने स्वीकृत क्षेत्र के अंदर ही खनन किया गया है । प्रार्थी अथवा किसी अधिकृत प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में बिना खदान की सही वस्तुस्थिति जाने भ्रमवश किये गये निरीक्षण के फलस्वरूप पूर्व पट्टाधारक द्वारा किये गये खनन को प्रार्थी की फर्म के उपर आरोपित किया जाना न्यायोचित नहीं है एवं जारी कारण बताओ नोटिस निरस्त किये जाने योग्य है ।

(5) प्रार्थी की फर्म के खनन पट्टा क्षेत्र की जांच समय समय पर की जाती रही है । दिनांक 03/06/2023 को खनन एवं राजस्व की टीम द्वारा जांच की गयी, इसके पश्चात 12/06/2023 को अपर आयुक्त महोदय, मीरजापुर द्वारा पुनः जांच की गयी, तत्पश्चात दिनांक 12/07/2023 को प्रार्थी की खदान की जांच लखनऊ से ही आयी निदेशालय की जांच टीम द्वारा की गयी, किंतु किसी भी जांच में प्रार्थी की फर्म के खनन पट्टे में कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी ।

(6) दिनांक 12/07/2023 को सचिव/ निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म, लखनऊ के नेतृत्व में निदेशालय के उच्चस्तरीय जांच दलों द्वारा प्रार्थी की फर्म के खनन पट्टे सहित समस्त खनन पट्टाधारकों की सघन जांच की गयी जिसमे प्रार्थी के प्रत्येक सीमास्तंभों, बोर्ड एवं किये गये खनन की विस्तृत जांच की गयी थी । जनपद सोनभद्र के समस्त इमारती पत्थर खनन पट्टा क्षेत्रों की उक्त जांच के पश्चात निदेशालय के पत्र सं० 639/ एम०-प्रवर्तन सोनभद्र/ 2023 दिनांक 13/07/2023 एवं पत्र सं० 650/ एम०-प्रवर्तन सोनभद्र/ 2023 दिनांक 14/07/2023 में मात्र 4 खनन पट्टाधारकों को ही अवैध खनन का दोषी पाया गया था एवं प्रार्थी की फर्म के खनन पट्टे में कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी थी । ऐसे में उक्त उच्चस्तरीय जांच के मात्र एक सप्ताह के अंदर, वह भी जब वर्षा ऋतु का समय है एवं कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित है, प्रार्थी के उपर 1877.12 घनमीटर के अवैध खनन का आरोप लगाया जाना पूर्वाग्रह से ग्रसित, विधि विरुद्ध, एवं नैसर्गिक न्याय के नियमों के विपरीत प्रतीत होता है जो निरस्त किये जाने योग्य है ।

GST NO. : 23AADCK2394P2Z4
CIN : U45200CT2007PTC020422

T +91 7752 27 0544
M +91 96271-25712

# K D RESOURCES PVT. LTD.

Registered Address : "MOOLCHAND COMPLEX", Behind Hotel Surya, Old Bus Stand, Bilaspur 495001 (C.G.)
Address : BIRSINGHPUR, WARD NO. 10 PALI UMARIA (MADHYA PRADESH) 484551
email : kdrplops@gmail.com

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि उक्त तथ्यों के साथ प्रस्तुत इस स्पष्टीकरण के दृष्टिगत कारण बताओ नोटिस पत्र सं० 1148/ खनिज/ 2023 दिनांक 20/07/2023 को निक्षेपित/ निरस्त करने एवं प्रार्थी की खनन पट्टा फर्म के पोर्टल एवं ओ०टी०पी० को प्रारम्भ करने हेतु आदेशित करने की कृपा करें ।

अति कृपा होगी ।

दिनांक : 27/07/2023

प्रार्थी

K. D. Resources Pvt. Ltd.

Director

(मनीष खुशलानी)
(निदेशक)
मे० के० डी० रिसोर्सेज प्रा० लि०

ANNEXURE R-4

# कार्यालय जिलाधिकारी, सोनभद्र।

(खनिज अनुभाग)

पत्रांक 1411 /खनिज/2023 दिनांक 02/08/2023

विषयः— कारण बताओ नोटिस संख्या—1148/खनिज/2023 दिनांक 20.07.2023 के क्रम में जांच आख्या दिनांक 19.07.2023 की प्रति उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

**के0डी0 रिर्सोसेज प्राईवेट लिमिटेड**
**पता—ए 6 मूलचन्द्र कॉम्पेक्स, कर्बला रोड, पुराना बस स्टेशन बिलासपुर**
**निदेशक—श्री मनीष खुशलानी पुत्र श्री राजकुमार खुशलानी**
**निवासी जबरपत्र गली नं0—2, न्यू सरकण्डा,**
**बिलासपुर—495001 (छत्तीसगढ़)।**

विषयांकित कारण बताओ नोटिस संख्या—1148/खनिज/2023 दिनांक 20.07.2023 में आप द्वारा दिनांक 27.07.2023 को जवाब प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उल्लेख किया गया है, कि जाँच आख्या की प्रति उपलब्ध नहीं करायी गयी है, और उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

अतः आपके जवाब दिनांक 27.07.2023 के क्रम में निदेशालय, भूतत्व एवं खनिकर्म द्वारा दिनांक 19.07.2023 को आपके फर्म का किये गये निरीक्षण की छायाप्रति संलग्न कर अपेक्षा की जाती है, कि आप 03 दिवस के अन्दर अपना उत्तर अवश्य प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में यह मान लिया जायेगा, कि आपको कुछ नहीं कहना है। तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

संलग्नकः— यथोपरि।

2/8/23

ज्येष्ठ खान अधिकारी,
सोनभद्र।

905



# –: जॉच आख्या :–

निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उ0प्र0 खनिज भवन, लखनऊ के निर्देश के क्रम में आज दिनांक 19.07.2023 को जनपद– सोनभद्र में संचालित निम्न खनन पट्टा क्षेत्र की जॉच की गयी। जॉच आख्या निम्नवत् है :–

1– केoडीo रिर्सोसेज प्राईवेट लिमिटेड, पता– ए 6 मूलचन्द्र कॉम्पेक्स, कर्वला रोड, पुराना ब्रस स्टेशन बिलासपुर निदेशक– श्री मनीश खुशलानी पुत्र श्री राजकुमार खुशलानी, निवासी जबरपत्र गली नं0–2, न्यू सरकण्डा, बिलासपुर– 495001 (छत्तीसगढ़) के पक्ष में तहसील– ओवरा, ग्राम– बिल्ली मारकुण्डी के आ0सं0– 5593क (खण्ड–8), रकबा– 4.230 हे0 क्षेत्र पर गिट्टी/बोल्डर (डोलो स्टोन) का 10 वर्षीय खननपट्टा दिनांक 02.08.2022 से 01.08.2032 तक की अवधि के लिये स्वीकृत है। उक्त खनन पट्टा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पट्टाधारक द्वारा अपने स्वीकृत क्षेत्र के बाहर दक्षिण दिशा में उपखनिज बोल्डर (डोलो स्टोन) का अनियमित आकार के क्षेत्र से ताजा अवैध खनन कर परिवहन किया गया है, जिसका आकलन सर्वेक्षक द्वारा हैण्ड–हेल्ड जी0पी0एस0 मशीन एवं मापन टेप से किया गया, जो निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | अवैध खनन क्षेत्र का भू–निर्देशांक | अवैध खनन का क्षेत्रफल (वर्ग मी0 में) | औसत गहराई (मीटर में) | अवैध खनन एवं परिवहन की मात्रा (घ0मी0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 24°29'14.01"N, 83°0'13.92"E<br>24°29'13.50"N, 83°0'13.80"E<br>24°29'12.74"N, 83°0'14.72"E<br>24°29'12.72"N, 83°0'15.57"E<br>24°29'13.60"N, 83°0'16.19"E | 1676 | 1.12 | 1,877.12 |

इस प्रकार पट्टाधारक द्वारा स्वीकृत खनन क्षेत्र के बाहर 1,877.12 घ0मी0 उपखनिज (डोलो स्टोन) का अवैध खनन/परिवहन किया गया है।

अतः आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक :– फोटोग्राफ।

19/07/2023
(योगेश शुक्ला)
सर्वेक्षक, खनिज विमाग,
सोनभद्र।


19/7/23
(मनोज कुमार)
सर्वेक्षक, मुख्यालय
लखनऊ।

19/7/23
(सुखेन्द्र सिंह)
खान निरीक्षक,
चन्दौली।

(मनीष यादव)
खान अधिकारी,
मुख्यालय, लखनऊ

19/7/23
(वीरेन्द्र प्रताप सिंह)
खान अधिकारी,
मुख्यालय, लखनऊ।

Chaudhary 19/7
(आशीष चौधरी)
सहायक भू–वैज्ञानिक,
मुख्यालय, लखनऊ



# K D RESOURCES PVT. LTD.

सेवा में,

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय,
खनिज अनुभाग,
जनपद - सोनभद्र ।

ANNEXURE R-5

**विषय : श्रीमान जी के कारण बताओ नोटिस पत्र सं० 1148/ खनिज/ 2023 दिनांक 20/07/2023 एवं पत्र सं० 1411/ खनिज/ 2023 दिनांक 02/08/2023 के संबंध में स्पष्टीकरण ।**

महोदय,

निवेदन है कि प्रार्थी की फर्म के पक्ष में ग्राम बिल्ली मारकुण्डी परगना अगोरी तहसील ओबरा जनपद सोनभद्र के आ०सं० 5593 क (खण्ड-8) रकबा 4.230 हे० क्षेत्र पर गिट्टी/ बोल्डर डोलोस्टोन का दस वर्षीय इ-टेण्डरिंग का खनन पट्टा दिनांक 02/08/2022 से 01/08/2032 तक की अवधि के लिये स्वीकृत है । प्रार्थी द्वारा खनन पट्टा प्रारम्भ होने के बाद से ही समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करते हुये अपने स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र में नियमानुसार खनन कार्य किया जाता रहा है ।

दिनांक 21/07/2023 को लगभग सायं 4 बजे प्रार्थी की फर्म के अधिकृत ईमेल आई०डी० पर श्रीमान जी द्वारा प्रेषित उक्त कारण बताओ नोटिस पत्र सं० 1148/ खनिज/ 2023 दिनांक 20/07/2023 प्रार्थी को प्राप्त हुआ एवं तत्पश्चात बिना प्रार्थी के स्पष्टीकरण का इंतज़ार किये प्रार्थी की फर्म का पोर्टल एवं ओ०टी०पी० तत्काल प्रभाव से बन्द कर दिया गया जो विधि विरुद्ध है । उक्त कारण बताओ नोटिस के संबंध में प्रार्थी द्वारा नोटिस प्राप्ति के 7 दिन के अंदर स्पष्टीकरण दिनांक 27/07/2023 को श्रीमान जी के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था ।

प्रार्थी के स्पष्टीकरण दिनांक 27/07/2023 के क्रम में श्रीमान जी द्वारा अपने पत्र सं० 1411/ खनिज/ 2023 दिनांक 02/08/2023 द्वारा प्रार्थी को जांच आख्या दिनांक 19/07/2023 उपलब्ध कराया गया है जो प्रार्थी को दिनांक 04/08/2023 दोपहर लगभग 3 बजे प्रार्थी की फर्म के अधिकृत ईमेल आई०डी० पर प्राप्त हुआ है । उक्त के संबंध में श्रीमान जी द्वारा प्रार्थी से मात्र 3 दिवस के अंदर पुनः उत्तर की अपेक्षा की गयी है जो विधि विरुद्ध है । उक्त के संबंध में प्रार्थी का स्पष्टीकरण निम्नलिखित है ।

उक्त जांच आख्या दिनांक 19/07/2023 में कारण बताओ नोटिस पत्र सं० 1148/ खनिज/ 2023 दिनांक 20/07/2023 से भिन्न कोई तथ्य व प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है एवं यह परिलक्षित होता है कि उक्त जांच आख्या अपर्याप्त, अव्यवहारिक, अपूर्ण एवं प्रार्थी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में की गयी जांच की आख्या है । उक्त जांच आख्या दिनांक 19/07/2023 में किसी भी वस्तु/ उपकरण अथवा उत्पाद की बरामदगी एवं किसी के बयान का कोई उल्लेख नहीं है, एवं ऐसा कोई भी साक्ष्य

GST NO : 22AADCK2094P2Z4
CIN : U45200CT2007PTC020422

T : +91 7752 27 054[illegible]
M : +91 98271-25712

# K D RESOURCES PVT. LTD.

Registered Address : "MOOLCHAND COMPLEX" Behind Hotel Surya, Old Bus Stand, Bilaspur 495001 (C.G.)
Address : BIRSINGHPUR, WARD NO. 10, PALI, UMARIA (MADHYA PRADESH) 484551
email : kdrplopt@gmail.com

प्रस्तुत नहीं किया गया है जिससे यह प्रमाणित हो सके कि उक्त कथित अवैध खनन प्रार्थी की फर्म द्वारा ही किया गया है।

उक्त कारण बताओ नोटिस में जिस क्षेत्र पर अवैध खनन दर्शाया गया है उसी क्षेत्र पर पूर्व में 2002 से 2012 तक मे० अमिला स्टोन का पट्टा संचालित था जो उनका भूमिधरी क्षेत्र है। ऐसे में किसी अन्य के भूमिधरी क्षेत्र में खनन किया जाना संभव ही नहीं है एवं यदि वहां पूर्व में किसी के द्वारा खनन किया भी गया है तो उसकी जिम्मेदारी प्रार्थी की नहीं है। प्रार्थी द्वारा अपने स्वीकृत क्षेत्र के अंदर ही खनन किया गया है। प्रार्थी अथवा किसी अधिकृत प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में बिना खदान की सही वस्तुस्थिति जाने भ्रमवश किये गये निरीक्षण के फलस्वरूप पूर्व पट्टाधारक द्वारा किये गये खनन को प्रार्थी की फर्म के उपर आरोपित किया जाना न्यायोचित नहीं है एवं जारी कारण बताओ नोटिस निरस्त किये जाने योग्य है।

प्रार्थी की फर्म के खनन पट्टा क्षेत्र की जांच समय समय पर की जाती रही है। दिनांक 03/06/2023 को खनन एवं राजस्व की टीम द्वारा जांच की गयी, इसके पश्चात 12/06/2023 को अपर आयुक्त महोदय, मीरजापुर द्वारा पुनः जांच की गयी, तत्पश्चात दिनांक 12/07/2023 को प्रार्थी की खदान की जांच लखनऊ से ही आयी निदेशालय की जांच टीम द्वारा की गयी, किंतु किसी भी जांच में प्रार्थी की फर्म के खनन पट्टे में कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी।

दिनांक 12/07/2023 को सचिव/ निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म, लखनऊ के नेतृत्व में निदेशालय के उच्चस्तरीय जांच दलों द्वारा प्रार्थी की फर्म के खनन पट्टे सहित समस्त खनन पट्टाधारकों की सघन जांच की गयी जिसमे प्रार्थी के प्रत्येक सीमास्तंभों, बोर्ड एवं किये गये खनन की विस्तृत जांच की गयी थी। जनपद सोनभद्र के समस्त इमारती पत्थर खनन पट्टा क्षेत्रों की उक्त जांच के पश्चात निदेशालय के पत्र सं० 639/ एम०-प्रवर्तन सोनभद्र/ 2023 दिनांक 13/07/2023 एवं पत्र सं० 650/ एम०-प्रवर्तन सोनभद्र/ 2023 दिनांक 14/07/2023 में मात्र 4 खनन पट्टाधारकों को ही अवैध खनन का दोषी पाया गया था एवं प्रार्थी की फर्म के खनन पट्टे में कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी थी। ऐसे में उक्त उच्चस्तरीय जांच के मात्र एक सप्ताह के अंदर, वह भी जब वर्षा ऋतु का समय है एवं कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित है, प्रार्थी के उपर 1877.12 घनमीटर के अवैध खनन का आरोप लगाया जाना पूर्वाग्रह से ग्रसित, विधि विरुद्ध, एवं नैसर्गिक न्याय के नियमों के विपरीत प्रतीत होता है जो निरस्त किये जाने योग्य है। प्रार्थी द्वारा अपने स्पष्टीकरण दिनांक 27/07/2023 में भी उक्त तथ्यों को प्रस्तुत किया गया था।

GST NO. 22AADCK2394P2Z4
CIN. U45200CT2007PTC020422

T. +91 7752 27 0544
M. +91 98271-25712

# K D RESOURCES PVT. LTD.

Registered Address : "MOOLCHAND COMPLEX" Behind Hotel Surya, Old Bus Stand, Bilaspur 495001 (C.G.)
Address : BIRSINGHPUR, WARD NO. 10 PALI UMARIA (MADHYA PRADESH) 484551
email : kdrplcpl@gmail.com

**अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि उक्त तथ्यों के साथ प्रस्तुत इस स्पष्टीकरण के दृष्टिगत कारण बताओ नोटिस पत्र सं० 1148/ खनिज/ 2023 दिनांक 20/07/2023 को निक्षेपित/ निरस्त करने एवं प्रार्थी की खनन पट्टा फर्म के पोर्टल एवं ओ०टी०पी० को प्रारम्भ करने हेतु आदेशित करने की कृपा करें।**

**अति कृपा होगी।**

**दिनांक : 05/08/2023**

**प्रार्थी**

K. D. Resources Pvt. Ltd.
Director

**(मनीष खुशलानी)**
**(निदेशक)**
**मे० के० डी० रिसोर्सेज प्रा० लि०**

ANNEXURE R-6

# कार्यालय जिलाधिकारी, सोनभद्र।
(खनिज अनुभाग)

पत्रांक 1478 /खनिज/2023

दिनांक 08/08/2023

## आदेश

मे0 के0डी0 रिर्सोसेज प्राईवेट लिमिटेड पता–ए 6 मूलचन्द्र कॉम्पेक्स, कर्बला रोड, पुराना बस स्टेशन बिलासपुर निदेशक–श्री मनीष खुशलानी पुत्र श्री राजकुमार खुशलानी निवासी जबरपत्र गली नं0–2, न्यू सरकण्डा, बिलासपुर–495001 (छत्तीसगढ़) के पक्ष में जनपद सोनभद्र के तहसील–ओबरा स्थित ग्राम–बिल्ली मारकुण्डी के आराजी संख्या–5593क (खण्ड–8) रकबा–4.230 हे0 क्षेत्र पर गिट्टी/बोल्डर (डोलो स्टोन) का 10 वर्षीय खनन पट्टा दिनांक 02.08.2022 से दिनांक 01.08.2032 तक की अवधि के लिए स्वीकृत है, जिसका जी0पी0एस0– 24°29' 14.46"N 83°00' 11.61"E, 24°29' 19.18"N 83°00' 10.45"E, 24°29' 21.51"N 83°00' 09.89"E, 24°29' 21.06"N 83°00' 13.23"E, 24°29' 20.60"N 83°00' 13.09"E, 24°29' 19.83"N 83°00' 12.98"E, 24°29' 19.40"N 83°00' 14.86"E, 24°29' 19.96"N 83°00' 15.08"E, 24°29' 19.34"N 83°00' 19.31"E, 24°29' 19.31"N 83°00' 17.69"E है।

प्रश्नगत क्षेत्र की जाँच निदेशालय की जाँच टीम द्वारा दिनांक 19.07.2023 को की गयी। संयुक्त जाँच आख्या दिनांक 19.07.2023 में उल्लिखित है कि – पट्टाधारक द्वारा अपने स्वीकृत क्षेत्र के बाहर दक्षिण दिशा में उप खनिज बोल्डर (डोलो स्टोन) का अनियमित आकार के क्षेत्र में ताजा अवैध खनन कर परिवहन किया गया है, जिसका आकलन हैण्ड–हेल्ड जी0पी0एस0 मशीन एवं मापन टेप से किया गया, जो निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | अवैध खनन क्षेत्र का भू–निर्देशांक | अवैध खनन का क्षेत्रफल (वर्ग मी0 में) | औसत गहराई (मीटर में) | अवैध खनन एवं परिवहन की मात्रा (घ0मी0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 24°29'14.01"N, 83°0'13.92"E<br>24°29'13.50"N, 83°0'13.80"E<br>24°29'12.74"N, 83°0'14.72"E<br>24°29'12.72"N, 83°0'15.57"E<br>24°29'13.60"N, 83°0'16.19"E | 1676 | 1.12 | 1877.12 |

पट्टाधारक का उक्त कृत्य उ0प्र0 उप खनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम–3 का उल्लंघन किया गया है, जो दण्डनीय अपराध है। उक्त अनियमितता के सम्बन्ध में कार्यालय के पत्र संख्या–1048/खनिज/2023 दिनांक 20.07.2023 द्वारा नोटिस निर्गत की गयी। नोटिस के क्रम में पट्टाधारक द्वारा दिनांक 27.07.2023 को अपना उत्तर/जवाब प्रस्तुत कर जांच आख्या की प्रति उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उक्त के क्रम में कार्यालय के पत्र संख्या–1411/खनिज/2023 दिनांक 02.08.2023 द्वारा पंजीकृत डाक/ई–मेल द्वारा पट्टाधारक को निरीक्षण आख्या की प्रति मय संलग्नक उपलब्ध करा दी गयी।

पट्टाधारक द्वारा दिनांक 05.08.2023 को प्रार्थना पत्र/स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया है, जिसमें मुख्य रूप से उल्लिखित है कि– जाँच दिनांक 19.07.2023 में किसी भी वस्तु/उपकरण अथवा उत्पाद की बरामदगी अथवा किसी भी बयान का उल्लेख नहीं और ऐसा कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है, कि उक्त कथित अवैध खनन उनके द्वारा किया गया है। जाँच में जिस क्षेत्र में अवैध खनन दर्शाया गया है, उस क्षेत्र में पूर्व में निजी भूमि का खनन पट्टा संचालित था, जिससे किसी अन्य के भूमिधरी में खनन किया जाना सम्भव नहीं है। यह भी अवगत कराया गया कि है कि दिनांक 03.06.2023 को खनन एवं राजस्व की टीम तथा दिनांक 12.06.2023 को अपर आयुक्त महोदय, मीरजापुर द्वारा जाँच की गयी। तत्पश्चात दिनांक 12.07.2023 को सचिव/निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म के नेतृत्व में पट्टाधारक के फर्म के खनन पट्टे सहित समस्त खनन

पट्टाधारको के खनन क्षेत्रो की सघन जाँच की गयी, जिसके उपरान्त निदेशालय के पत्र दिनांक 13.07.2023 व 14.07.2023 में 04 खनन पट्टाधारको को खनन का दोषी पाया गया था एवं पट्टाधारक के खनन पट्टे में कोई अनियमितता नहीं पायी गयी थी, जिसके कारण एक सप्ताह के अन्दर पट्टाधारक के ऊपर 1877.12 घन मी0 बोल्डर के अवैध खनन का आरोप लगाया जाना विधि विरूद्ध एवं नैसर्गिक न्याय के नियमो के विपरीत है, जो निरस्त किये जाने योग्य है।

पट्टाधारक के उत्तर/स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में परिशीलन किया गया। पट्टाधारक द्वारा पूर्व में जिस अवैध खनन की बात कही जा रही है, वह वर्ष 2018 के पूर्व का है, जबकि खनन पट्टाधारक का पट्टाविलेख दिनांक 02.08.2022 को निष्पादित होकर संचालित हुआ है। पट्टाधारक ने अपने जवाब में 04 वर्ष पूर्व के खनन का हवाला दिया गया है, जो औचित्यपूर्ण नहीं है। निदेशालय की जाँच टीम, जिसमें सहायक भूवैज्ञानिक, खान अधिकारी, खान निरीक्षक, सर्वेक्षक मौजूद थे, उनके द्वारा पाया गया कि पट्टाधारक के स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर दक्षिण दिशा में, जो अवैध खनन किया गया है, उसके पिट्स ताजा है। हैण्ड हेल्ड एवं जी0पी0एस0 मापन में भू–निर्देशांक 24$^0$29'14.01"N, 83$^0$0'13.92"E, 24$^0$29'13.50"N, 83$^0$0'13.80"E, 24$^0$29'12.74"N, 83$^0$0'14.72"E, 24$^0$29'12.72"N, 83$^0$0'15.57"E, 24$^0$29'13.60"N, 83$^0$0'16.19"E के अन्तर्गत 1877.50 घन मी0 का अवैध खनन एवं परिवहन किया गया है। इस प्रकार अवैध खनन के सम्बन्ध में पट्टाधारक द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं है, जिसे अस्वीकार किया जाता है।

अतः अवैध खनन मात्रा 1877.12 घन मी0 बोल्डर पर रू0 125/– प्रति घन मी0 की दर से रायल्टी रू0 2,34,640/–, खनिमुख मूल्य रू0 11,73,200/– एवं नियम–58 के अन्तर्गत अर्थदण्ड रू0 5,00,000/– कुल रू0 19,07,840/– (रूपये उन्नीस लाख सात हजार आठ सौ चालीस) मात्र की धनराशि अधिरोपित की जाती है।

खनन पट्टाधारक के0डी0 रिर्सोसेज प्राईवेट लिमिटेड पता–ए 6 मूलचन्द्र कॉम्पेक्स, कर्बला रोड, पुराना बस स्टेशन बिलासपुर निदेशक–श्री मनीष खुशलानी पुत्र श्री राजकुमार खुशलानी निवासी जबरपत्र गली नं0–2, न्यू सरकण्डा, बिलासपुर–495001 (छत्तीसगढ़) द्वारा उपरोक्त अधिरोपित धनराशि 07 दिवस में जमा न करने पर नियमानुसार प्रतिभूति की धनराशि से अथवा भू–राजस्व के रूप में वसूली की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उ0प्र0 उप खनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम–59 के प्राविधानों के अन्तर्गत स्वीकृत खनन पट्टा निरस्त कर दो वर्ष की अवधि हेतु काली सूची में डाल दिया जायेगा।

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

पत्रांक व तद दिनांक

प्रतिलिपिः– के0डी0 रिर्सोसेज प्राईवेट लिमिटेड पता–ए 6 मूलचन्द्र कॉम्पेक्स, कर्बला रोड, पुराना बस स्टेशन बिलासपुर निदेशक–श्री मनीष खुशलानी पुत्र श्री राजकुमार खुशलानी निवासी जबरपत्र गली नं0–2, न्यू सरकण्डा, बिलासपुर–495001 (छत्तीसगढ़) को अनुपालनार्थ प्रेषित।

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

GST NO. : 23AADCK2394P2Z4
CIN U45200CT2007PTC020422

T. +91 7752 27 0544
M. +91 98271-25712

ANNEXURE R-7

# K D RESOURCES PVT. LTD.

Registered Address : "MOOLCHAND COMPLEX" Behind Hotel Surya, Old Bus Stand, Bilaspur 495001 (C.G.)
Address : BIRSINGHPUR, WARD NO. 10, PALI, UMARIA (MADHYA PRADESH) 484551
email : kdrplops@gmail.com

**सेवा में,**

**श्रीमान जिलाधिकारी महोदय,**
**खनिज अनुभाग,**
**जनपद - सोनभद्र ।**

**विषय : श्रीमान जी के आदेश पत्र सं० 1478/ खनिज/ 2023 दिनांक 08/08/2023 के संबंध में ।**

**महोदय,**

निवेदन है कि प्रार्थी की फर्म के पक्ष में ग्राम बिल्ली मारकुण्डी परगना अगोरी तहसील ओबरा जनपद सोनभद्र के आ०सं० 5593 क (खण्ड-8) रकबा 4.230 हे० क्षेत्र पर गिट्टी/ बोल्डर डोलोस्टोन का दस वर्षीय इ-टेण्डरिंग का खनन पट्टा दिनांक 02/08/2022 से 01/08/2032 तक की अवधि के लिये स्वीकृत है । प्रार्थी द्वारा खनन पट्टा प्रारम्भ होने के बाद से ही समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करते हुये अपने स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र में नियमानुसार खनन कार्य किया जाता रहा है ।

कृपया अपने आदेश पत्र सं० 1478/ खनिज/ 2023 दिनांक 08/08/2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें जो दिनांक 09/08/2023 को दोपहर लगभग 12 बजे प्रार्थी को अधिकृत ईमेल आई०डी० पर प्राप्त हुआ जिसमें श्रीमान जी द्वारा प्रेषित कारण बताओ नोटिस पत्र सं० 1148/ खनिज/ 2023 दिनांक 20/07/2023 एवं पत्र सं० 1411/ खनिज/ 2023 दिनांक 02/08/2023 के संबंध में प्रार्थी के स्पष्टीकरण दिनांक 27/07/2023 एवं स्पष्टीकरण दिनांक 05/08/2023 में उल्लिखित तथ्यों को अस्वीकार करते हुये प्रार्थी की फर्म पर स्वीकृत क्षेत्र से हट कर 1877.12 घनमीटर बोल्डर के अवैध खनन के आरोप में ₹ 19,07,840 की धनराशि अधिरोपित करते हुये सात दिवस में जमा करने हेतु आदेशित किया गया था ।

प्रार्थी द्वारा अपने स्पष्टीकरण दिनांक 27/07/2023 एवं स्पष्टीकरण दिनांक 05/08/2023 में यह उल्लेख किया गया था कि जिस क्षेत्र पर अवैध खनन दर्शाया गया है उसी क्षेत्र पर पूर्व में 2002 से 2012 तक मे० अमिला स्टोन का पट्टा संचालित था जो उनका भूमिधरी क्षेत्र है । ऐसे में किसी अन्य के भूमिधरी क्षेत्र में खनन किया जाना संभव ही नहीं है एवं यदि वहां पूर्व में किसी के द्वारा खनन किया भी गया है तो उसकी जिम्मेदारी प्रार्थी की नहीं है । उसी स्थल पर पूर्व के खनन को प्रदर्शित करते हुये प्रार्थी की फर्म पर 1877.12 घनमीटर का अवैध खनन आरोपित कर दिया गया एवं श्रीमान जी द्वारा बिना किसी प्रमाण के प्रार्थी के स्पष्टीकरण में उल्लिखित उक्त तथ्यों को अस्वीकार कर दिया गया।

इसी प्रकार विगत एक वर्ष में प्रार्थी के पट्टे की कई बार जांच में प्रार्थी के पट्टे में कभी भी कोई अवैध खनन अथवा अनियमितता नहीं पायी गयी । दिनांक 12/07/2023 को सचिव/ निदेशक भूतत्व एवं

GST NO. : 23AADCK2394P2Z4
CIN : U45200CT2007PTC020422



T +91 7752 27 0544
M +91 98271-25712

# K D RESOURCES PVT. LTD.

Registered Address : "MOOLCHAND COMPLEX", Behind Hotel Surya, Old Bus Stand, Bilaspur 495001 (C.G.)
Address : BIRSINGHPUR, WARD NO. 10, PALI, UMARIA (MADHYA PRADESH) 484551
email : kdrplops@gmail.com

खनिकर्म, लखनऊ के नेतृत्व में निदेशालय के उच्चस्तरीय जांच दलों द्वारा प्रार्थी की फर्म के खनन पट्टे की सघन जांच में भी कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी थी। ऐसे में उक्त उच्चस्तरीय जांच के मात्र एक सप्ताह के अंदर उसी जांच टीम द्वारा 1877.12 घनमीटर का स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अवैध खनन का आरोप लगाया जाना आश्चर्यजनक है। प्रार्थी के पत्र दिनांक 27/07/2023 एवं पत्र दिनांक 05/08/2023 में उक्त के संबंध में दिये गये स्पष्टीकरण को श्रीमान जी के आदेश पत्र सं० 1478/ खनिज/ 2023 दिनांक 08/08/2023 में बिना किसी कारण अस्वीकार कर दिया गया है जो सर्वथा गलत है। श्रीमान जी के आदेश में प्रार्थी के स्पष्टीकरण में उल्लिखित तथ्यों को जिन आधार पर असंतोषजनक बताया गया है वह अपर्याप्त एवं अस्वीकार्य है।

चूंकि प्रार्थी की भारी धनराशि उक्त कार्य में लगी हुयी है एवं खनन परिवहन का कार्य व पोर्टल/ ओ०टी०पी० बन्द होने से प्रार्थी की भारी आर्थिक क्षति हो रही है इसलिये प्रार्थी द्वारा उक्त अधिरोपित धनराशि से असहमत होने के बावजूद श्रीमान जी के आदेश पत्र सं० 1478/ खनिज/ 2023 दिनांक 08/08/2023 जो दिनांक 09/08/2023 को दोपहर लगभग 12 बजे प्रार्थी को अधिकृत ईमेल आई०डी० पर प्राप्त हुआ है में अधिरोपित धनराशि ₹ 19,07,840 **UNDER PROTEST** श्रीमान जी के पक्ष में कोटक महिन्द्रा बैंक, रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र के डिमांड ड्राफ्ट सं० 907575 दिनांक 16/08/2023 द्वारा जमा कर पत्र में उल्लिखित वांछित अवधि सात दिन के अन्दर श्रीमान जी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस संबंध में भविष्य में माननीय न्यायालयों के जो भी निर्णय होंगे वह उभय पक्षों को मान्य होंगे।

**अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि आदेश पत्र सं० 1478/ खनिज/ 2023 दिनांक 08/08/2023 में अधिरोपित धनराशि के प्रार्थी द्वारा जमा कर प्रस्तुत किये जाने के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से प्रार्थी की खनन पट्टा फर्म के खनन परिवहन एवं पोर्टल व ओ०टी०पी० को प्रारम्भ करने हेतु आदेशित करने की कृपा करें।**

**अति कृपा होगी।**

**दिनांक : 16/08/2023**

**प्रार्थी**

K. D. Resources Pvt. Ltd.
Director

**संलग्नक : डिमांड ड्राफ्ट सं० 907575 की मूल प्रति।**

**(मनीष खुशलानी)**
**(निदेशक)**
**मे० के० डी० रिसोर्सेज प्रा० लि०**

kotak
Kotak Mahindra Bank

44
907575

5302-SONBHADRA

Valid for three months from date of issue

दिनांक
Date 1 6 0 8 2 0 2 3

...mand pay DISTRICT MAGISTRATE SONBHADRA को या उनके आदेश पर Or Order

...ये Rupees Nineteen Lakh Seven Thousand Eight Hundred Forty only अदा करें।

₹ 19,07,840.00

...ayable At

*** Not Over INR. 19,07,840.00 ***

For Value Received
for Kotak Mahindra Bank Ltd.

SONBHADRA
( 5302 )

Purchaser:
K D RESOURCES PRIVATE LIMITED

...ssuing Branch)

Please sign above this line

⑈907575⑈ 000485000⑆ 16

ANNEXURE R-8

उत्तर प्रदेश शासन
भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग,
संख्या– 53 / पी0एस0एम0 / 2023
लखनऊ, दिनांक, 21 नवम्बर, 2023

**निगरानी सं0–119(आर) / जी0एंडएम0(यू0पी0) / 2023**

**कार्यालय–ज्ञाप**

विषयगत निगरानी उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–80 के अन्तर्गत मेसर्स के0डी0 रिर्सोसेज प्राइवेट लिमिटेड़ पता–ए–6 मूलचन्द्र कॉम्पलेक्स, कर्बला रोड़ पुराना बस स्टेशन बिलासपुर निदेशक, श्री मनीष खुशलानी पुत्र श्री राजकुमार खुशलानी निवासी–जबरपत्र गली नं0–02 न्यु सरकण्डा बिलासपुर–495001 (छत्तीसगढ़) ने जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा पारित आदेश दिनांक 08.08.2023 एवं निदेशालय, भूतत्व एवं खनिकर्म की टीम द्वारा प्रस्तुत जॉच रिपोर्ट दिनांक 19.07.2023 के विरूद्ध प्रस्तुत किया है।

संक्षेप में निगरानीकर्ता का कथन है कि जनपद–सोनभद्र के तहसील ओबरा स्थित ग्राम बिल्ली मारकुण्डी के आराजी संख्या–5593क (खण्ड 8) रकबा 4.230 हे0 क्षेत्र पर गिट्टी / बोल्डर (डोलो स्टोन) का 10 वर्षीय खनन पट्टा दिनांक 02.08.2022 से दिनांक 01.08.2032 तक की अवधि के लिए निगरानीकर्ता के पक्ष में स्वीकृत किया गया। निगरानीकर्ता को नोटिस दिनांक 20.07.2023 प्राप्त हुई जिसमें यह उल्लेख किया गया कि निदेशालय, भूतत्व एवं खनिकर्म की टीम द्वारा किये गये जॉच में निगरानीकर्ता द्वारा 1877 घनमी0 उप खनिज का अवैध खनन किया गया है जिसके सापेक्ष निगरानीकर्ता पर कुल रू0 19,07,840 /– अधिरोपित किया गया साथ ही निगरानीकर्ता को 07 दिवस के अन्दर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया। दिनांक 27.07.2023 को निगरानीकर्ता ने अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जिसमें लगाये गये सभी आरोपो का खण्डन किया। उक्त नोटिस दिनांक 20.07.2023 नोटिस नही बल्कि आदेश के रूप में पारित किया गया। उक्त नोटिस / आदेश निगरानीकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान किये बगैर पारित किया गया। उक्त नोटिस में निगरानीकर्ता अथवा उसके प्रतिनिधि द्वारा मौके पर अवैध खनन किया जाना नही दर्शाया गया और न ही किसी वाहन को अवैध खनन में लिप्त पाया गया। दिनांक 20.07.2023 से ही ओ0टी0पी0 बन्द कर दी गयी जिससे खनन कार्य बन्द हो गया। जिलाधिकारी, सोनभद्र ने निगरानीकर्ता द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण अस्वीकार कर दिया तथा दिनांक 08.08.2023 को आदेश पारित कर निगरानीकर्ता पर अवैध खनन के सापेक्ष कुल धनराशि 19,07,840 /– 07 दिवस के अन्दर जमा करने को निर्देशित किया। अन्त में निगरानीकर्ता द्वारा जिलाधिकारी सोनभद्र के आदेश दिनांक 08.08.2023 एवं निदेशालय, भूतत्व एवं खनिकर्म की टीम द्वारा प्रस्तुत जॉच रिपोर्ट दिनांक 19.07.2023 को निरस्त करने अनुरोध किया गया है।

प्रश्नगत निगरानी की ग्राह्यता के संबंध में सुनवाई दिनांक 07.11.2023 को सम्पन्न हुई। निगरानी सुनवाई हेतु ग्राह्य की जाती है। तद्नुसार सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाय। निगरानी में सुनवाई की तिथि 07.12.2023 नियत की जाती है।

उक्त निगरानी की सुनवाई प्रमुख सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उ0प्र0 शासन के नवीन भवन स्थित कार्यालय कक्ष सं0–30 में नियत तिथि को अपरान्ह 4.00 बजे की जायेगी।

अतः निगरानीकर्ता/विपक्षी से अपेक्षा की जाती है कि कृपया नियत तिथि पर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता प्रतिनिधि के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित हों। उक्त नियत तिथि को सुनवाई में अनुपस्थित रहने की स्थिति में निगरानी की एकपक्षीय सुनवाई करके उसके गुण--दोष के आधार पर निर्णीत कर दिया जायेगा।

(अनिल कुमार-।।।)
प्रमुख सचिव।

पत्र सं0– 53/(1)/पी0एस0एम0/2023 तद्‌दिनांक।
प्रतिलिपिः–

1– निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
2– जिलाधिकारी, सोनभद्र को निगरानी के प्रति सहित इस आशय से प्रेषित कि नियत तिथि एवं समय पर किसी भिज्ञ अधिकारी को संक्षिप्त सार एवं प्रस्तरवार आख्या, अभिलेखों की छायाप्रति (02 प्रतियों में) सहित उपस्थित रहने एवं प्रस्तरवार आख्या को निगरानी पोर्टल upminesrevision.upsdc.gov.in पर अपलोड करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
3– मेसर्स के0डी0 रिर्सोसेज प्राइवेट लिमिटेड पता–ए–6 मूलचन्द्र कॉम्पलेक्स, कर्बला रोड़ पुराना बस स्टेशन बिलासपुर निदेशक, श्री मनीष खुशलानी पुत्र श्री राजकुमार खुशलानी निवासी–जबरपत्र गली नं0–02 न्यु सरकण्डा बिलासपुर–495001 (छत्तीसगढ़)।

(अनिल कुमार-।।।)
प्रमुख सचिव।

Gmail

Compliance Report <compliancereport1234@gmail.com>

ANNEXURE R-9

# Compliance of the stipulated Environmental Conditions/Safeguards in the Environmental Clearance Letter and Environmental Monitoring Report Of Building Stone Gitti - Boulder (Dolo Stone) Mining Project At Arazi No./Khand No. - 5593/8 At Village- Billimarkundi, Tehsil- Obra, District-Sonbhadra, Uttar Pradesh (AREA - 4.230 HA.) (Production 1,35,360 m3/Year)

1 message

**Compliance & Replenishment Report** <compliancereport1234@gmail.com> Thu, Jul 4, 2024 at 7:14 AM

To: rocz.lko-mef@nic.in, doeuplko@yahoo.com, rosonbhadra@uppcb.in

To
The Regional Officer,
Ministry of Environment & Forest, Govt. of India
5th Floor KendriyaBhawan, Sector H, Aliganj
Lucknow-226020

**Subject: Compliance of the stipulated Environmental Conditions/Safeguards in the Environmental Clearance Letter and Environmental Monitoring Report Of Building Stone Gitti - Boulder (Dolo Stone) Mining Project At Arazi No./Khand No. - 5593/8 At Village- Billimarkundi, Tehsil- Obra, District-Sonbhadra, Uttar Pradesh (AREA - 4.230 HA.) (Production 1,35,360 m3/Year)**

**Ref: Environment Clearance Letter no. EC Identification No- EC22B001UP164590 Date: 01/07/2022 Ref No. - SIA/UP/MIN/76298/2021 & SEIAA, U.P File No. 7057-6724**

Dear Sir,

This has reference to the EC letter no **EC Identification No- EC22B001UP164590 Date: 01/07/2022 Ref No. - SIA/UP/MIN/76298/2021 & SEIAA, U.P File No. 7057-6724** Issued by State Level Environmental Impact Assessment Authority, Uttar-Pradesh which I have been asked to submit the compliance with the specific and general conditions of the same.

*As per the notification S.O. 5845(E) by Ministry Of Environment, Forest And Climate Change (MoEF&CC) Dated 28/11/2018, MoEF&CC has withdrawn the requirement of mandatory hard copies of compliance reports to departments ,hence we are submitting the soft copy of the Report to you for your perusal.*

In view of above, I am submitting a copy of the following information/ documents for your kind perusal:

1. Point-wise compliance of the stipulated environmental conditions/ safeguards. **(Session: JUNE 2024)**

Thanking you,

Yours Sincerely,

K.D RESOURCES PVT. LTD.

Authorised Signatory

**Copy to:**

1. **The Member Secretary, Uttar-Pradesh State Pollution Control Board, Lucknow**
2. **The Member Secretary, State Level Environmental Impact Assessment Authority, Lucknow**

Encl: As Abov

**STONE K D RESOURCE.pdf**
9993K